Daily Current Affairs 19 November 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. 15 से 21 नवंबर तक देश में मनाया जा रहा नवजात शिशु देखभाल सप्ताह
• प्रतिवर्ष 15 से 21 नवंबर तक देश में नवजात शिशु देखभाल सप्ताह मनाया जाता है। इस सप्ताह की थीम 'सुरक्षा, गुणवत्ता और पोषण देखभाल- हर नवजात का जन्म अधिकार' है। NNW के लिए इस वर्ष की थीम को सभी सेवा वितरण प्लेटफार्मों- स्वास्थ्य सुविधाओं, सामुदायिक आउटरीच सत्र और घरों आदि पर गुणवत्ता और विकासात्मक रूप से सहायक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के साथ हर नवजात तक पहुँचाना सुनिश्चित करने के लिए चुना गया है।

2. जयपुर में डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय का किया गया शिलान्यास
• 16 नवंबर, 2022 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान के जयपुर ज़िले के बगरू के दहमीकलां में डॉ. भीमराव अंबेडकर विधि विश्वविद्यालय परिसर का शिलान्यास किया। यह विश्वविद्यालय 387 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जाएगा। इस विश्वविद्यालय की स्थापना का उद्देश्य सभी विधि महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिया जाना है।

3. प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक संजय मिश्रा का कार्यकाल एक वर्ष के लिए और बढ़ाया गया
• 17 नवंबर, 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक संजय कुमार मिश्रा के कार्यकाल के एक वर्ष के विस्तार को मंजूरी दी है। वर्ष 1984 बैच के भारतीय राजस्व सेवा (IRS) अधिकारी का कार्यकाल 18 नवंबर, 2023 तक बढ़ा दिया गया है। संजय कुमार मिश्रा को 19 नवंबर, 2018 को एक आदेश द्वारा दो साल की अवधि के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ED) का निदेशक नियुक्त किया गया था। इस अध्यादेश के बाद संजय मिश्रा का कार्यकाल 2021 में एक साल और बढ़ा दिया गया था गया।

4. पश्चिम बंगाल के नए राज्यपाल बने डॉ. सीवी आनंद बोस
• 17 नवंबर, 2022 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने डॉ. सी.वी. आनंद बोस को पश्चिम बंगाल के 22वें राज्यपाल के रूप में नियुक्त किया है। जगदीप धनखड़ के भारत के 14वें उपराष्ट्रपति के रूप में चुने जाने के बाद यह पद खाली हो गया था। मणिपुर के राज्यपाल ला गणेशन अय्यर को राष्ट्रपति द्वारा 18 जुलाई, 2022 को पश्चिम बंगाल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था।

5. पनामा में CITES का कोप19 किया जा रहा आयोजित
• 14 से 25 नवंबर, 2022 तक पनामा में CITES (The Convention of International Trade in Endangered Species of Wild Fauna and Flora) COP19 की बैठक आयोजित की जा रही है। इस सम्मेलन को विश्व वन्यजीव सम्मेलन के रूप में भी जाना जाता है। बैठक में जानवरों और पौधों की 600 से अधिक प्रजातियों के भविष्य के बारे में निर्णय लिया जाएगा। साथ उन नियमों को लागू करने पर विचार किया जाएगा जो वैश्विक स्तर पर वन्यजीवों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को नियमित करते हैं।

6. पेरिस ओलंपिक और पैरालम्पिक का शुभंकर होगी 'फ्रिजीयन कैप'
• फ्रांसीसी क्रांति के दौर में आजादी की तलाश का परिचायक बनी 'फ्रिजीयन कैप' को पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक 2024 का शुभंकर बनाया गया है। चटख लाल रंग की इस कैप को 'लिबर्टी कैप' भी कहा जाता है। त्रिकोणाकार की यह कैप फारस, बाल्कन, थ्रेस, डाशिया और फ्रिजिया में पहनी जाने वाली पारंपरिक टोपी का

आधुनिक संस्करण है। फ्रांस की क्रांति के दौरान यह आजादी की तलाश का परिचायक बनी और अभी भी फ्रांस की प्रतीक मारियाने की प्रतिमा ने यह टोपी पहनी हुई है।

7. लांस नायक मंजू भारतीय सेना की पहली महिला स्काईडाइवर बनीं
• लांस नायक मंजू भारतीय सेना की पहली महिला स्काई डाइवर बन गई हैं। उन्होंने मंगलवार को एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर ध्रुव से 10 हजार फुट की ऊंचाई से छलांग लगाई। लांस नायक मंजू ने 14 दिसंबर 2019 को इंडियन आर्मी जॉइन की थी।बता दें कि मंजू ने 10 हजार फीट की ऊंचाई से छलांग लगाकर इतिहास रच दिया है। मंजू सेना के ALH ध्रुव हेलीकॉप्टर पर सवार हैं। कुछ ही पलों में वो छलांग लगा देती हैं और हवा में तैरते हुए नजर आ रही हैं। उनके साथ कूदे दो ट्रेनर उनका हाथ पकड़े हुए हैं और उनका पैराशूट खोलते हैं।

8. भारत ने एक्सीलेंस इन लीडरशिप फॉर फैमिली प्लानिंग अवार्ड्स 2022 जीता
• थाईलैंड में आयोजित परिवार नियोजन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 'देश श्रेणी' में भारत ने एक्सीलेंस इन लीडरशिप फॉर फैमिली प्लानिंग (EXCELL) अवार्ड्स 2022 जीता है। भारत यह अवार्ड प्राप्त करने वाला एकमात्र देश बन गया है।
• केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने परिवार नियोजन के सुधार में भारत के उल्लेखनीय प्रयासों की सराहना की। भारत के परिवार नियोजन में सुधार के लिए महिलाओं और मातृ स्वास्थ्य पर एसडीजी लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में किया जा रहा प्रयास देश की प्रगति को प्रदर्शित करता है।

9. अरुणाचल प्रदेश में दुनिया की पहली ड्रोन मध्यस्थता पशुधन टीकाकरण सेवा शुरू की गई
• हैदराबाद की टीका बनाने वाली कंपनी भारतीय रोग प्रतिरोधक क्षमता विशेषज्ञ लिमिटेड (IIL) ने दुनिया में पहली बार ड्रोन के जरिये पशुओं के टीकों की आपूर्ति करने का अनूठा कारनामा कर दिखाया है। आईआईएल की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि पशुपालन एवं डेयरी विभाग और अरुणाचल प्रदेश सरकार के कृषि एवं पशुपालन विभाग तथा ड्रोन सेवा प्रदाता के साथ पूर्वोत्तर राज्य में रोइंग से पगलाम तक पहली बार ड्रोन के जरिए टीकों की आपूर्ति की गयी। रक्षा ओवैक (एफएमडी) टीके की 1,000 खुराक 20 किमी से अधिक की हवाई दूरी तय करते हुए वितरित की गईं।

10. पूर्वोत्तर ओलंपिक खेलों का दूसरा संस्करण शिलांग में हुआ संपन्न
• पूर्वोत्तर ओलंपिक खेलों का दूसरा संस्करण 16 नवंबर, 2022 को मेघालय की राजधानी शिलांग में संपन्न हुआ। मणिपुर कुल 240 पदकों के साथ समग्र टीम चैंपियन के रूप में उभरा, जिसमें 88 स्वर्ण पदक 75 रजत और 77 कांस्य पदक शामिल थे। असम ने कुल 203 पदकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया जिसमें 79 स्वर्ण पदक, 61 रजत और 63 कांस्य पदक शामिल हैं। अरुणाचल प्रदेश को कुल 112 पदकों के साथ तीसरा स्थान मिला, जिसमें 39 स्वर्ण, 36 रजत और 37 कांस्य पदक शामिल हैं।

Resultuniraj.co.in